Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding basic road facilities on National Highway No. 53 in Rajnandgaon Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): मेरे संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव शहर के बीचो बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 जी.ई. रोड गुजरती है जहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन ठाकुरटोला टोल प्लाजा निर्मित है। जहाँ 82 कि.मी. लम्बी सड़क के लिए टोल की वसूली की जाती है । रोड में मूलभूत सुविधाओ का आभाव है जिसके कारण निरंतर सड़क दुर्घटनाए होती रहती है। रोड के दोनों तरफ स्थित ग्राम टेड़ेसरा ग्राम देवादा के मुख्य चौक में हाई मास्क लाइट का आभाव है जिसके कारण दुर्घटनाए होती रहती है। इसके अतिरिक्त ग्राम पार्री पूरे छत्तीसगढ़ में दुर्घटना जन्य मोड़ के रूप में चिन्हित हो चुका है । जहाँ शहर के राम मंदिर से लेकर ग्राम पार्री मोड़ तक सर्विस रोड की मांग निरंतर की जा रही है। इसके अतिरिक्त शहर के अन्दर नव निर्मित मेडिकल कॉलेज भवन के मोड़ पर पासिंग नहीं होने के कारण मरीजो को लगभग 3 कि मी उलटे रास्ते से जाना पड़ता है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। तत्संबंध में मेरे द्वारा मुख्यप्रबंधक NHAI क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में तीन बार पत्र (1)क्र 1159 दिनांक 12.01.2020 (2)क्र 1187 दिनांक 11.02.2020 (3)क्र 1801 दिनांक 03.01.2021 प्रेषित किये गए हैं, एक बार माननीय मंत्री जी का ध्यान पत्र क्र. 1802 दिनांक 03.01.2021 के माध्यम से आकृष्ट किया गया है। मेडिकल कॉलेज के समीप ही महाराणा प्रताप भवन निर्मित है जहाँ क्षेत्रीय समाज की निरंतर गतिविधि तथा जुलूस व सम्मेलन आयोजित होते रहते हैं। ऐसी स्थिति में मेडिकल कॉलेज में डिवाइडर तोड़ कर क्रासिंग देना अपरिहार्य है ।